बरेली, शनिवार
8 अप्रैल, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page No. 05 : Bottom

नर्सिंग की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

जासं, बरेली : रुवि ने नर्सिंग की परीक्षाओं का शेड्यूल गुरुवार को जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष (बैच 2020) की परीक्षा 17 से 20 अप्रैल तक होगी। बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर- 2023 की परीक्षा 17 से 29 अप्रैल तक होगीं। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम व द्वितीय वर्ष की मुख्य व पूरक परीक्षा-2023 भी 17 अप्रैल से दो मई तक होगी। बीएससी पैरामेडिकल मुख्य व पूरक परीक्षा प्रथम, द्वितीय वर्ष की 17 से 24 अप्रैल तक होगी। बीपीटी चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 17 से 24 अप्रैल, एमएससी पैरामेडिकल द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 21 अप्रैल तक होगी।